एसएनसीयू में फॉल्स सीलिंग गिरी, तीन महिलाएं व नवजात घायल

दुग्धपान कक्ष में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 10 मई। जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग में नवजात शिशुओं के इलाज के लिए बनी गहन चिकित्सा इकाई (एनएससीयू) में रविवार के रोज उस वक्त बड़ा हादसा हो गया जब इस इकाई के ब्रेस्ट फीडिंग रूम (दुग्धपान कक्ष) की फॉल्स सीलिंग एकाएक भरभराकर गिर पड़ी। जब यह घटना हुई तब ब्रेस्ट फीडिंग रूम में सात माताएं अपने नवजात शिशुओं को स्तनपान करा रही थीं। अचानक फॉल्स सीलिंग गिरने से वार्ड में अफरा- तफरी मच गई और महिलाओं व परिजनों की चीख- पुकार शुरू हो गई। इस अचानक हुए हादसे में तीन महिलाएं और एक नवजात शिशु घायल हुआ है।

बता दें घटना सुबह 11 बजे के करीब की है। ब्रेस्ट फीडिंग रूम में सात-आठ महिलाएं अपने नवजात शिशुओं को स्तनपान करा रहीं थीं उसकी वक्त अचानक फॉल्स सीलिंग गिर पड़ी। दो महिलाओं को गंभीर चोट लगने पर उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जबकि एक महिला को मामूली चोटें आईं। गंभीर रूप से घायलों में 32 वर्षीय ममता पवैया एवं 23 वर्षीय सुषमा शामिल हैं। नवजात बच्चों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया।

अस्पताल में मचा हड़कंप, अधिकारी पहुंचे: हादसे की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर सिविल सर्जन डॉ. आरएन राजौरिया मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई। वहीं एसडीएम अखिलेश शर्मा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल प्रबंधन से पूरे मामले की जानकारी ली।

पुराने मठ पर रंगरोगन से चल रहा काम: प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिला अस्पताल की इमारत का बड़ा हिस्सा आजादी से पहले का बना हुआ है। करीब 60 से 70 वर्ष पुरानी इस इमारत की केवल बाहरी मरम्मत और रंग-रोगन किया गया है जबकि अंदरूनी

ढांचा जर्जर स्थिति में है। जानकारी के अनुसार अस्पताल की छत और दीवारें लंबे समय से कमजोर स्थिति में हैं और पहले भी अन्य वार्डों में छत गिरने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद अस्पताल भवन की समुचित मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीरता नहीं बरती गई।

प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश: एसडीएम अखिलेश शर्मा ने बताया कि हादसे के समय कमरे में सात महिलाएं मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल भवन की स्थिति चिंताजनक है और अस्पताल प्रबंधन को पूरी बिल्डिंग की गहन जांच कराने तथा सुरक्षा के जरूरी इंतजाम तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रबंधन की कार्यशैली पर उठे सवाल: हादसे के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मीडिया द्वारा जब अस्पताल प्रबंधक डॉ.आरएन राजौरिया से घटना के संबंध में बातचीत करने का प्रयास किया गया तो वे कैमरे से बचते नजर आए। इस हादसे के बाद परिजनों और आमजन में आक्रोश है तथा जिला अस्पताल की जर्जर भवन व्यवस्था को लेकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की जा रही है।

कलेक्टर ने घटनास्थल का किया मुआयना: जिला अस्पताल भिंड के एसएनसीयू वार्ड स्थित दुग्धपान कक्ष की छत और फॉल सीलिंग गिरने की घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। रविवार शाम घटना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर अस्पताल भवन की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर के साथ कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला व जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान, एसडीएम अखिलेश शर्मा, तहसीलदार मोहनलाल एवं सिविल सर्जन डॉ आरएन राजौरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था और भवन जांच पर जोर: निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल भवन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। अधिकारियों को अस्पताल की पूरी बिल्डिंग का तकनीकी परीक्षण कराने तथा कमजोर हिस्सों की पहचान कर तत्काल आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने घायलों के उपचार की जानकारी भी ली और चिकित्सकों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बीटगार्ड का कथन चिकित्सालय में कराया परीक्षण

डॉक्टर बोले- कोई मोर इलाज के लिए नहीं लाया

मामला 7 मार्च को अटेर क्षेत्र के किशूपुरा में मिले घायल मोर का

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 10 मई। अटेर फॉरेस्ट रैंज के ग्राम किशुपुरा में बीते माह घायलावस्था में मिली एक मोर जिंदा है या मर गई, इसकी गुत्थी सुलझने के बजाए और उलझती जा रही है। इस मामले में न केवल वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है बल्कि अधिकारियों द्वारा भी कोई संतोषप्रद कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब तो बीटगार्ड और डॉक्टर के विरोधाभाषी कथन भी सामने आ गए हैं। ऐसे में लगता है कि वन महकमे का समूचा अमला लापरवाहीपूर्ण इस कृत्य को लेकर कतई गंभीर नहीं है।

बता दें 7 मार्च को ग्राम किशूपुरा में एक मोर घायलावस्था में मिलने की सूचना डायल-112 पर मिली थी। तब 112 के चालक शिव सिंह बघेल और आरक्षक अल्केश यादव ने उसे सुरपुरा थाना पहुंचा दिया था। थाना से फॉरेस्ट बीटगार्ड को सूचना दिए जाने पर कोषण बीट इंचार्ज अवनीश शर्मा एक अन्य कर्मचारी मुन्ना सिंह भदौरिया ने पहुंचकर मोर को सुपुर्दगी में लिया था। इसके बाद यह लोग मोर को एक बोरी में डालकर ले गए। इनके लेकर जाने का फोटो व वीडियो भी वायरल हुआ।

इनके मोर को ले जाने का अंदाज संदेह उत्पन्न कर रहा है क्योंकि बोरी में मोर का सिर नीचे की ओर और पंख ऊपर की ओर है। इतना ही नहीं बीट इंचार्ज अवनीश शर्मा ने 11 मार्च को वनपरिक्षेत्राधिकारी अटेर को उनके पत्र क्र. 193 दिनांक 9 मार्च 2026 के संदर्भ में अपना जवाब भेजा है जिसमें उल्लेख किया गया है कि वह 7 मार्च को घायल मोर को लेकर फूफ पशु चिकित्सालय पहुंचे थे जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर बताया कि हमले के कारण मोर सहमा हुआ है, इसे निगरानी में खुले में रखने की सलाह दी। तब मोर को लेकर अपने मुख्यालय पर आया, जहां दूसरे दिन मोर घूमने फिरने लगी, दाना- पानी चुगने लगी और घूमते- फिरते उड़ गई जिसका वीडियो भी बनाया गया। इस प्रकार से मोर स्वस्थ्य होकर खुले में उड़ गई। पूर्व में अटेर फॉरेस्ट रैंजर कृतिका शुक्ला ने भी कहा था कि घायलावस्था में मिले मोर का इलाज कराया गया था और जब वह स्वस्थ्य हो गया तो बीट गॉर्ड द्वारा जंगल में छोड़ दिया गया। लेकिन यह सब कुछ त साबित हो रहा है जब डॉक्टर द्वारा बताया गया कि कोई घायल मोर इलाज के लिए चिकित्सालय में ही नहीं लाया गया।

बकौल डायल- 112 चालक शिव सिंह बघेल मोर न केवल सहमा हुआ था बल्कि उसके गर्दन के

नीचे चोट थी और खून भी बह रहा था।

गंभीर रूप से घायल मोर के गर्दन के नीचे बह रहा था खून

डायल- 112 पर पाइंट मिला थी कि किशूपुरा में मोर घायल हुई है। तब घायल मोर को लेकर सुरपुरा थाना पहुंचे थे, वहीं से वन विभाग के अमले को इसकी सूचना दी थी। इसके बाद मोर को वन विभाग के कर्मचारियों के हवाले किया था। मोर गंभीर रूप से घायलावस्था में थी उसके गर्दन के नीचे चोट थी, खून भी बह रहा था।

शिव सिंह बघेल, चालक, डायल- 112

डॉक्टर ने स्वस्थ पर हमले के कारण सहमा बताया मोर

7 मार्च को घायल मोर का रेस्क्यू कर उसे फूफ के पशु चिकित्सालय में लेकर गए थे। जहां डॉक्टर ने उसका परीक्षण कर हमले के कारण सहमा बताया था और खुले वातावरण में रखने की सलाह दी थी। इसके बाद मोर को अपने मुख्यालय कोषण ले गया, जहां वह चलने- फिरने लगी और दाना चुगने लगी और कुछ समय बाद उड़ गई।

अवनीश शर्मा, वनरक्षक, बीटगार्ड, कोषण

पशु चिकित्सालय में नहीं लाया गया घायलावस्था में कोई मोर

पशु चिकित्सालय में 7 मार्च को घायलावस्था में किसी मोर को नहीं लाया गया है। ऐसे में किसी मोर का इलाज किया जाना या मशबरा दिया जाना कैसे संभव है। अगर कोई ऐसा कह रहा है तो यह गलत है। क्योंकि यह तो राष्ट्रीय पक्षी मोर की बात है यदि कोई सामान्य पशु भी इलाज के लिए चिकित्सा के लिए लाया जाता है तो उसका पर्चा बनता है और विधिवत इलाज होता है।

डॉ. अभिषेक यादव,
चिकित्सक, पशु चिकित्सालय, फूफ

पं. उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन 7 सत्र आयोजित, केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर हुआ मंथन

भिण्ड, 10 मई। लहार क्षेत्र स्थित रावतपुरा धाम में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के साथ प्रदर्शनी का उद्घाटन भी हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के संचालक शैलेंद्र पालीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया को आमंत्रित किया।

प्रशिक्षण महाअभियान के प्रथम सत्र में मप्र शासन के मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सांसद संध्या राय ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाओं का लाभ महिलाओं और किसानों को मिल रहा है। कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त मंत्री संजीव कांकर, संभाग प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह, वर्ग प्रभारी सुरेंद्र बुधौलिया, भिंड विधायक नरेंद्र सिंह, लहार विधायक अंबरीष शर्मा, पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया, पूर्व सांसद डॉ. राम लखन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाह, केशव सिंह भदौरिया, नाथू सिंह गुर्जर, मनोज अनंत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अमर शहीद की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

भिण्ड, 10 मई। अटेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडेरी में रविवार को शौर्य चक्र विजेता अमर शहीद अनूप शर्मा की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे भूतपूर्व सैनिकों, युवा साथियों, ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी किरण दद्दा ने अमर शहीद अनूप शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पिता रामशंकर शर्मा एवं माता राजिंद्री देवी का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इंडियन वेटरन ऑर्गनाइजेशन के जिला संयोजक सुनील फौजी ने बताया कि

कार्यक्रम में जिलेभर से सैकड़ों भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। इस दौरान शहीद स्मारक निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समाजसेवी किरण दद्दा ने मौके पर ही शहीद स्मारक निर्माण हेतु 31 हजार रुपये शहीद के पिता को सौंपे। वहीं सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर एवं सूबेदार मेजर शिव बहादुर भदौरिया ने 25-25 हजार रुपये देने की घोषणा की।

युवा समाजसेवी आदेश मिश्रा एवं सुबोध तिवारी ने कहा कि वे सैकड़ों युवाओं के साथ शहीद स्मारक निर्माण में सक्रिय सहयोग करेंगे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर 1 जून से एसपी कार्यालय पर आमरण अनशन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व सैनिक एवं क्यारीपुरा के पूर्व सरपंच महिपाल सिंह भदौरिया ने किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर रामअवतार सिंह परमार, सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर, सूबेदार मेजर शिव बहादुर भदौरिया, कैप्टन अर्जुन यादव, संजय भदौरिया, सुनील चौधरी, कमलेश त्रिपाठी, रमेश दुबे, राजबहादुर सिंह यादव समाजसेवी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

भिण्ड, 10 मई। मिहोना थाना क्षेत्र अंतर्गत दबरेहा गांव में रविवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसपी सूरज वर्मा के निर्देशन में किया गया, जिसमें लहार एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी एवं मिहोना थाना प्रभारी रोहित गुप्ता ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

जनचौपाल का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच संवाद स्थापित करना, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना तथा उन्हें विभिन्न सामाजिक और कानूनी विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नशा समाज के लिए सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। मिहोना थाना प्रभारी रोहित गुप्ता ने ग्रामीणों को बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण

के लिए पुलिस सक्रिय है और किसी भी समस्या में आमजन को तुरंत पुलिस सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आसपास कोई घटना, दुर्घटना या अवैध गतिविधि होती है तो उसकी सूचना तुरंत डायल-112, महिला हेल्पलाइन, थाना प्रभारी या बीट प्रभारी को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

थाना प्रभारी ने महिलाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि जब भी परिवार का कोई सदस्य, मोटरसाइकिल से बाहर जाए, तो उसे हेलमेट पहनने की याद अवश्य दिलाएं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान युवाओं, महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक, लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

भिण्ड, 10 मई। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न राजस्व प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर, एसडीएम गोहद, एसडीएम अटेर, एसडीएम भिंड, एसडीएम मेहगांव, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कार्य निष्पादन के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर विशेष फोकस: कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि ऐसा जवाब दर्ज किया जाए जो तथ्यात्मक, सही एवं शिकायत कर्ता के लिए संतोषजनक हो।

फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश: बैठक में किसानों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शत-प्रतिशत पूर्ण की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ किसानों तक समय पर पहुंच सके।

अतिक्रमण हटाने चलाएं अभियान: कलेक्टर ने शासकीय भूमि एवं चरनोई भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त कर संबंधित अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से राजस्व कार्य संपादित करने तथा आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मालनपुर थाना प्रभारी ने घिरोंगी गांव में लगाई जन चौपाल

आपसी विवाद सुलझाए, पीड़ित परिवार को दिलवाई एक लाख की सहयोग राशि

नवभारत न्यूज

मालनपुर 10 मई। मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने रविवार को घिरोंगी गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों आपसी संवाद किया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने मौके पर ही ग्रामीणों के आपसी मतभेद और छोटे-मोटे लड़ाई-झगड़ों का निपटारा कराया। आपसी रंजिश भूलकर लोग गले मिले और पुलिस की पहल की सराहना की।जन चौपाल के दौरान ही थाना

प्रभारी ने हाल ही में हुए एक हादसे में पीड़ित परिवार की मदद भी कराई। बीते दिनों घिरोंगी गांव के एक नाबालिग छात्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हादसा रोहण बिल्डर्स के सीमेंट मिक्सर ट्राला से हुआ था। थाना प्रभारी सोनी ने तुरंत बिल्डर्स के अधिकारियों से संपर्क कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की बात कही। इसके बाद बिल्डर्स की ओर से मौके पर ही पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये नगर दिए गए। इस मानवीय पहल के लिए ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी और कानूनी जागरूकता के टिप्स भी साझा किए। उन्होंने कहा कि छोटे विवाद थाने-कचहरी पहुंचने से पहले गांव में ही सुलझ जाएं तो भाईचारा बना रहता है। ग्रामीणों ने जन चौपाल के आयोजन को सराहनीय कदम बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर मालनपुर थाना प्रभारी के साथ थाने का पुलिस एवं पूर्व सरपंच मेहताब सिंह गुर्जर, समाजसेवी रॉकी जैन पार्षद पुत्र वार्ड क्रमांक 14, कल्याण सिंह गुर्जर ठेकेदार व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

ओंकारेश्वर घाटों पर होगी सख्त कार्रवाई

बिना लाइफ जैकेट यात्रियों को नाव में बैठाने जैसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज़

खंडवा, 10 मई. ओंकारेश्वर स्थित नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है. घाटों पर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले नाविकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.

कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के निर्देश पर होमगार्ड विभाग द्वारा तैनात एसडीईआरएफ और होमगार्ड जवान लगातार सुरक्षा निगरानी कर रहे हैं. कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि बिना लाइफ जैकेट यात्रियों को नाव में बैठाने तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ले जाने जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में

फाइल फोटो

बर्दाश्त नहीं की जाएगी. हाल ही में बिना लाइफ जैकेट यात्रियों को बैठाने और क्षमता से अधिक सवारी ले जाने के दो मामलों में एसडीईआरएफ प्रभारी रवींद्र महिवाल द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. इसके आधार पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड ने नगर परिषद ओंकारेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नाव क्रमांक 63 के चालक तेजपाल और नाव क्रमांक 66 के चालक भानु के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुशवाहा ने सभी नाव संचालकों से प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की है.

उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

मातृत्व दिवस पर ब्रह्माकुमारी आश्रम में हुआ माताओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

मालनपुर 10 मई। ब्रह्माकुमारी आश्रम मालनपुर में मातृत्व दिवस पर आसपास के गांव की माताओ का सम्मान किया गया। जिसमें संचालका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी को संबोधित करते हुए यही बताया हमें एक सच्ची माँ बनना है। जिसके लिए पालना करने का संस्कार सिर्फ अपने बच्चों के लिए नहीं बल्कि हर एक के लिए एक जैसा भाव होना चाहिए और किसी बच्चे से भी गलती हो माफ करके उन्हें शिक्षा देना चाहिए। अपने और किसी और के बच्चे में भेदभाव नहीं करना चाहिए। ऐसे संस्कार देना

चाहिए जो भविष्य तक बच्चों को काम आए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुची महाराष्ट्र से डॉक्टर राधा बहन जिन्होंने यही कहा मातृत्व दिवस एक दिन का नहीं बल्कि प्रतिदिन का होना चाहिए। ऐसा ना हो एक दिन ही हम मां का सम्मान करें। बल्कि प्रतिदिन समय निकालकर मां की हेल्थ के बारे में हमें अवश्य पूछना चाहिए और उनका सदा सम्मान रखना चाहिए। अतिथि रूप में एयर फोर्स से रमेश पहुंचे उन्होंने भी सभी को यही कहा मेरी मां ने आज तक जो भी शिक्षा दी मैं उस पर चला तो सफलता अवश्य मिली। सिंगरौली से पहुंची ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने आई हुई सभी माताओ को परमात्मा का ध्यान के बारे में बताया। ब्रह्माकुमार महेश भाई ने भी माता के सम्मान में अपने भाव व्यक्त किये। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार जीतू भाई, प्रसाद भाई, महेश भाई, अनामिका, अंजलि, दीपा नीलम, कमला जानकी आदि उपस्थित थे। छोटी-छोटी कुमारियों ने भी नृत्य करके माँ के गीत पर अपने भाव व्यक्त किये। माउंट आबू से पहुंचे मृत्युंजय भाई जी ने भी माताओ के सम्मान में अपने भाव व्यक्त किये। सभी माताओ का पट्टीका एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

एसआरएफ फाउंडेशन ने शासकीय विद्यालय एवं छात्रों के विकास में अतुलनीय योगदान

नवभारत न्यूज

मालनपुर 10 मई। एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के तहत चयनित गांव शेरपुर एवं बिरखडी में पीएम श्री शासकीय उच्च मा विद्यालय शेरपुर एवं शासकीय हाई स्कूल बिरखड़ी की शाला प्रबंधन समिति के सहयोग से गांव स्तर की सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा पीपीपी मॉडल (पब्लिक, प्राइवेट एवं पार्टनरशिप) के तहत 5 लाख 30 हजार रूपये से उपलब्ध कराए गए 85 सेट छात्र फर्नीचर ,

वाटरकूलर, बाउंड्री गेट, ब्लूटूथ स्पीकर , प्रोजेक्टर , इनवर्टर सिस्टम एवं अन्य चीजों का जनपद अध्यक्ष कालीचरण तोमर एवं अन्य स्थानीय वरिष्ठ समाज सेवियों के द्वारा फीता काटकर छात्रों को समर्पित किया गया ।कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन करते हुए रामशरण तोमर के द्वारा ग्राम वासियों को बताया गया कि नए सत्र में 3 से 6 उम्र के बच्चों का नामांकन आंगनवाड़ी , बाल वाटिका एवं 6 वर्ष से अधिक उम्र बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाएं और नियमित विद्यालय भेजकर शासकीय विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक संसाधनों से गुणवत्तायुक्त शिक्षा ग्रहण कर शासकीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं , बेहतर परिणाम, छात्र पालक प्रोत्साहन, नए सत्र में नामांकन, शून्य ड्रॉपआउट, नई कौशल शिक्षा, विद्यालय संचालन में ग्रामीणों की भूमिका एवं परस्पर सहयोग करने पर आधारित चर्चा की गई , जिससे मिलकर गांव के छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा सके ।

इस गांव स्तर की बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं पालकों को माला पहनाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।